संख्या- 34 / 2017/ 420 / चार-2016-37 (बजट)/2015

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संग्रहालय निदेशालय उ0प्र0,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 22 मार्च ,2017

विषय:- नवनिर्मित राजकीय पुरातत्व संग्रहालय , कन्नौज का आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण हेतु अवशेष धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1098/उ0प्र0सं0नि-5(27)/2016-17, दिनांक 20 मार्च, 2017 तथा शासन के पत्र संख्या- 24/2017 /159/चार-2016-37(बजट)/2015 दिनांक 09 फरवरी, 2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नवनिर्मित राजकीय पुरातत्व संग्रहालय, कन्नौज का आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 685.17 लाख का परीक्षण प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा करते हुए कार्य की लागत रू0 615.00 लाख मूल्यांकित की गयी है। अतएव वित्तीय वर्ष 2015-16 में नवनिर्मित राजकीय पुरातत्व संग्रहालय, कन्नौज का आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण किये जाने हेतु धनराशि रू0 615.00 लाख की प्रशासकीय तथा प्रथम चरण में धनराशि रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 315.00 लाख (रूपये तीन करोड पन्द्रह लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त शासनादेश संख्या- 24/2017 /159/चार-2016-37(बजट)/2015 दिनांक 09 फरवरी, 2016 में उल्लिखित अन्य प्रतिबन्ध /शर्ते आदि यथावत रहेगी।

3 - उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92- के अन्तर्गत आयोजनागत मद के लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा,खेलकूद,कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-106-संग्रहालय-06-राजकीय पुरातत्व संग्रहालय,कन्नौज का सुदृढीकरण,आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण -24 वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 34 / 2017 / 420 (1)/चार-2017 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन,लखनऊ।
3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
4 - वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5 - मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6 - महा प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ
5 - परियोजना प्रबन्धक, कानपुर यूनिट-10, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 कानपुर।
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
8 - गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।